श्री बंशीधर नगर गुरुवार
11.06.2026
अधिक ज्येष्ठ कृष्णपक्ष एकादशी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 288



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:08 बजे
अस्त - 06:35 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र गौरव का स्वर्णिम अध्याय : वीडी >> पेज 03 फिल्म 'अल्फा' का दमदार टीजर रिलीज >> पेज 05

**सुविचार**

देना एक विकल्प है। सम्मान एक विकल्प है। आप जो भी विकल्प चुनेंगे, वह आपको बनाएगा। बुद्धिमानी से चुनें।

**न्यूज अपडेट्स**

### झमाझम बारिश से रांची में मौसम सुहाना, तापमान में गिरावट

**रांची।** राजधानी रांची में पिछले 10-12 दिनों से प्रचंड गर्मी और उमस के बीच बुधवार की शाम को प्री मानसून की हुई झमाझम बारिश से मौसम काफी सुहाना हो गया। बारिश होने से तापमान में सात से आठ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस (आद्रता) से काफी राहत मिली। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने 13 से 15 जून के बीच झारखंड में दक्षिणी पश्चिमी मानसून के पहुंचने की जानकारी दी है। मानसून के पहुंचने के पूर्व रांची सहित आसपास के इलाकों में प्री मानसून की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 11 और 12 जून को भी रांची सहित राज्य के उत्तर-पूर्वी और निकटवर्ती जिलों (धनबाद, बोकारो, कोडरमा, हजारीबाग, रांची, खूंटी और रामगढ) में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने एवं 50 से 60 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी चलने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया। पिछले वर्ष मानसून 17 जून को झारखंड में दस्तक दिया था और पूरे राज्य भर में अच्छी बारिश दर्ज की गई थी।

**राज्यसभा चुनाव** — आपति खारिज होने पर कांग्रेस ने जतायी नाराजगी

# भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी का पर्चा वैध

बंशीधर न्यूज




**रांची:** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी का नामांकन वैध पाया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने परिमल नाथवानी के वकील का पक्ष सुनने के बाद पर्चा को वैध पाया। इससे पहले रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से भारत निर्वाचन आयोग से भी मार्गदर्शन लिया गया।

### कांग्रेस की ओर से जताई गई आपत्ति

कांग्रेस का आरोप है कि कुछ दस्तावेजों में नाम 'परिमल नाथवानी' जबकि अन्य में 'नाथवानी परिमल' दर्ज है। इसके अलावा नामांकन पत्र के कुछ कॉलम रिक्त छोड़ने और आवश्यक जानकारियां उपलब्ध नहीं कराने को लेकर भी आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार प्रणव झा के प्रस्तावक और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने इस संबंध में लिखित आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद मंगलवार को नामांकन की जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी और मामले की सुनवाई बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। परिमल नाथवानी की ओर से भी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने आपत्तियों का जवाब प्रस्तुत किया।

### सलमान खुर्शीद बहस में नहीं हो सके शामिल

इस बीच सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद बुधवार को विशेष विमान से रांची पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दोपहर 1 बजे तक बहस के लिए समय निर्धारित किए जाने के बावजूद समय से पहले ही कक्ष का दरवाजा बंद कर दिया गया, जिसके कारण वे अपनी बात नहीं रख सके। झारखंड विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए सलमान खुर्शीद ने कहा कि उन्हें इस बात का खेद है कि वे बहस में शामिल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से 1 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। वे लगभग 12:30 बजे विधानसभा पहुंच गए, लेकिन उससे पहले ही दरवाजा बंद कर दिया गया था। इसलिए उन्हें अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिल सका। इस मामले की कानूनी बारीकियों पर उनके सहयोगी अधिवक्ता सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। गठबंधन के दोनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को स्वीकार कर लिया गया, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र में कई त्रुटियां और विसंगतियां थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि नाथवानी की ओर से दाखिल शपथ पत्र (एफिडेविट) में सभी आवश्यक और सही जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई गई थीं, जिसके कारण प्रारंभिक स्तर पर उनके नामांकन पर सवाल उठे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से नामांकन में पाई गई कमियों और तथ्यों को निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष रखा गया था। इसके बावजूद बाद में परिमल नाथवानी के नामांकन को स्वीकार कर लिया गया, जो निर्वाचन प्रक्रिया और स्थापित नियमों की भावना के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि नामांकन से संबंधित कई गंभीर बिंदुओं पर पार्टी की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई है और पूरे मामले की कानूनी समीक्षा की जा रही है।

### कांग्रेस के मंत्रियों ने जताई

इससे पहले निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र को लेकर उठे विवाद के बीच बुधवार को विधानसभा परिसर में कांग्रेस कोटे से सरकार में मंत्री राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह और इरफान अंसारी समेत अन्य नेताओं ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेस की ओर से अपना पक्ष रखने के लिए दिल्ली से पहुंचे वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद को रिटर्निंग ऑफिसर की सुनवाई में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलने के बाद विवाद और बढ़ गया।

### कांग्रेस मंत्रियों का फूटा गुस्सा

सलमान खुर्शीद को अनुमति नहीं मिलने के बाद विधानसभा परिसर में कांग्रेस नेताओं का गुस्सा खुलकर सामने आया। झारखंड सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ,शिल्पी नेहा तिर्की, दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी समेत अन्य नेताओं ने रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के बाहर विरोध जताया और जमकर हंगामा किया। कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि मामले में नया शपथ पत्र स्वीकार किया गया, लेकिन उनकी ओर से आए वरिष्ठ अधिवक्ता को सुनवाई में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे पक्षपातपूर्ण बताया।

### परिमल नाथवानी के नामांकन पर बवाल, विधानसभा के बाहर कांग्रेस-भाजपा का प्रदर्शन

रांची। झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उनके नामांकन को रद्द करने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने बुधवार को विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं, भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद विधानसभा परिसर के बाहर राजनीतिक तनाव का माहौल बन गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि चुनाव आयोग राज्यसभा चुनाव के मामलों में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मानदंड अपना रहा है। उनका कहना है कि परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र में कथित तौर पर कई खामियां होने के बावजूद उन्हें सुधार का अवसर दिया गया, जबकि मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को तकनीकी आधार पर निरस्त कर दिया गया। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यदि मध्य प्रदेश में सख्ती दिखाई गई है तो झारखंड में भी समान नियम लागू होने चाहिए। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी प्रत्याशियों के साथ समान व्यवहार जरूरी है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि परिमल नाथवानी का नामांकन रद्द नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विधानसभा के गेट संख्या-2 पर आयोजित प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्य सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक भी वहां पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विधानसभा परिसर की ओर बढ़ने लगे। इस दौरान कुछ कांग्रेस समर्थक सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए विधानसभा परिसर के अंदर प्रवेश कर गए। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा कर्मियों और कुछ कार्यकताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने हाथों में झंडे लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाए और परिमल नाथवानी का नामांकन रद्द करने की मांग दोहराई। कांग्रेस के प्रदर्शन के बीच भाजपा कार्यकर्ता भी विधानसभा परिसर पहुंच गए और उन्होंने भी नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विधानसभा परिसर में प्रवेश को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थकों को विधानसभा परिसर के अंदर जाने दिया गया, जबकि भाजपा कार्यकताओं को गेट पर ही रोक दिया गया। उन्होंने इसे दोहरी नीति बताते हुए नाराजगी जताई और कहा कि इस मामले की शिकायत विधानसभा सचिव से की जाएगी। भाजपा नेताओं का आरोप है कि प्रशासन को सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। कांग्रेस और भाजपा कार्यकताओं के आमने-सामने आने से विधानसभा परिसर के बाहर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार निगरानी बनाए रखी।

## राज्यपाल ने शर्तों के साथ दी 4 सूचना आयुक्तों के नामों को हरी झंडी, कहा-

# गड़बड़ी हुई तो जिम्मेदारी हेमंत सरकार की

**रांची:** झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता अब साफ हो गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए सूचना आयुक्तों के पैनल को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राज्य सूचना आयोग में नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। लोक भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इन नियुक्तियों पर कुछ शर्तों के साथ सहमति प्रदान की गई हैं। उन्होंने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि झारखण्ड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए, ताकि आयोग का कार्य सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। राज्यपाल ने यह भी स्पष्ट किया है कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में यदि कोई प्रक्रियागत त्रुटि पाई जाती है अथवा इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन से संबंधित कोई प्रश्न उत्पन्न होता है, तो



उसकी संपूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।

### चारों नामों को मिली स्वीकृति

लोकभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से अनुमोदन के लिए भेजे गए चारों नामों को राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन सभी नामों पर सहमति मिलने के बाद अब औपचारिक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्वीकृत पैनल में शामिल नाम इस प्रकार हैं:

अनुज कुमार सिन्हा
तनुज खत्री
अमूल्य नीरज खलखो
शिवपूजन पाठक

### राजभवन ने सरकार को दी जानकारी

राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन कुलकर्णी ने इस संबंध में राज्य सरकार को आधिकारिक रूप से सूचना दे दी है। राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद अब कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की ओर से नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद चारों अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा।

### लंबे समय से खाली थे पद

गौरतलब है कि राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों के कई पद लंबे समय से रिक्त थे। इसके कारण सूचना के अधिकार (आरटीआई) से जुड़े मामलों के निपटारे में देरी की स्थिति बन रही थी। कई अपील और शिकायतें लंबित पड़ी थीं, जिससे आयोग के कामकाज पर भी असर पड़ रहा था। ऐसे में नई नियुक्तियों को प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### आरटीआई मामलों के निपटारे में आएगी तेजी

विशेषज्ञों का मानना है कि चार नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के बाद राज्य सूचना आयोग की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी और आम नागरिकों को समय पर न्याय मिलने में मदद मिलेगी।इसके अलावा आयोग पर बढ़ते कार्यभार को भी कम करने में सहायता मिलेगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली रवाना, नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 11 जून को नई दिल्ली में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल (शासी परिषद) की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। इस हाई-प्रोफाइल बैठक में हिस्सा लेने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। बैठक में राज्य का मजबूती से पक्ष रखने के लिए झारखंड सरकार ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नीति आयोग की सीईओ निधि छिब्बर ने इस संबंध में झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार को पत्र लिखकर बैठक के एजेंडे की जानकारी दी है। इस बार की बैठक का मुख्य विषय विकसित भारत के लिए मानव पूंजी रखा गया है। इसके अलावा दिसंबर 2025 में आयोजित हुए मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन में जिन प्राथमिकताओं और सिफारिशों को तय किया गया था, उनपर भी इस बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस बैठक के लिए विशेष आमंत्रण भेजा गया है। मुख्यमंत्री के साथ-साथ राज्य के कई शीर्ष अधिकारी भी इस बैठक में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य सरकार ने अधिकारियों के नाम तय कर नीति आयोग को भेज दिए हैं।

### ये अधिकारी होंगे शामिल

-अविनाश कुमार (मुख्य सचिव, झारखंड)
-मुकेश कुमार (सचिव, योजना एवं विकास विभाग)
-अरवा राजकमल (रेसिडेंट कमिश्नर, दिल्ली)
-विजया जाधव (अपर सचिव, योजना एवं विकास)।

## न्यूज अपडेट्स

### आपसी विवाद में फायरिंग, एक गंभीर

**रांची।** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी में आपसी विवाद के बाद बुधवार रात फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। इस फायरिंग में शमशेर नाम के युवक को दो गोलियां लगी हैं। वारदात नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी गेट के बगल में स्थित पप्पू होटल के पास की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने विवाद को लेकर शमशेर नाम के युवक का विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि दूसरे पक्ष के एक युवक ने पिस्तौल निकाल ली और गोली चला दी। अपराधी ने शमशेर को दो गोलियां मारी। गोली चलते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई। गोली चलाने वाले मौके से फरार हो गए। वहीं कुछ लोग घायल शमशेर को पहले अंजुमन अस्पताल ले गए जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गोलीबारी में घायल शमशेर अंजुमन इस्लामिया नूरिया महापंचायत के अध्यक्ष हाजी सऊद आलम का पुत्र है। फायरिंग की सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर गोली चलाने वाले की पहचान कर ली गई है। नामकुम थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने बताया कि अपराधी की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अब तक की जांच में मामला पुराने विवाद में हुई फायरिंग का प्रतीत हो रहा है।

**सियासत**

### नाथवानी का नामांकन स्वीकार होने पर भडकी कांग्रेस, कहा

# देश में चल रहा दो तरह का निर्वाचन आयोग

**रांची।** राज्यसभा चुनाव के निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी का नामांकन स्वीकार किए जाने के बाद कांग्रेस मुख्यालय में इंडी गठबंधन के नेताओं ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निर्वाचन आयोग और भाजपा पर निशाना साधा। राज्य के वित्तमंत्री सह कांग्रेस नेता राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि परिमल नाथवाणी के आवेदन में बड़ी-बड़ी तकनीकी खामियां रहीं, लेकिन उसके बाद भी केंद्रीय निर्वाचन आयोग के रिटर्निंग ऑफिसर ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी का नामांकन स्वीकार कर लिया। वहीं भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने किस तरह से काम किया इसे समझने की जरूरत है। किशोर ने कहा कि यदि परिमल नाथवानी जीत जाते हैं तो भाजपा की झोली में




सीट जाएगी और यदि हारे तो वे भाजपा के उम्मीदवार नहीं थे, का बखान किया जाएगा।

मंत्री ने आरोप लगाया कि देश में दो निर्वाचन आयोग चल रहा है। एक देश का निर्वाचन आयोग और दूसरा निर्वाचन आयोग निर्दलीय उम्मीदवार का। चुनाव आयोग का फॉर्मेट बिल्कुल साफ है, लेकिन यहां पर नाथवानी का फॉर्मेट चल रहा है। यह राजनीतिक फॉर्मेट है।

### निर्वाचन आयोग ने हमारीआपत्तियों को कर दिया खारिज : झामुमो

वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने केशव महतो कमलेश ने कहा कि परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र में कुछ आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से सुबह में 11 बजे का समय दिया गया, जबकि मप्र में मीनाक्षी नटराजन को कोई समय नहीं दिया गया। वहीं झामुमो केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमलोगों ने पहले ही निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कुछ आपत्तियां दर्ज कराई थी, लेकिन आपत्तियों को खारिज कर दिया गया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा को पता था कि वह चुनाव नहीं जीतेगी। इसके बाद भी उसने तीसरा उम्मीदवार दे दिया। सुप्रियो ने कहा कि हम एकजुट हैं। हमारे पास 56 विधायकों का समर्थन है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दो दिनों तक झारखंड में रहे। भाजपा ने पहले कहा कि हम उम्मीदवार की घोषणा जल्द करेंगे। प्रधानमंत्री के आर्थिक परिषद के सदस्य गौरव वल्लभ रांची आते हैं और पर्चा खरीदते हैं, लेकिन इसके बाद निर्दलीय परिमल नाथवानी को भाजपा ने समर्थन दे दिया।

## एम्बुलेंस सेवा में लापरवाही पर दो चिकित्सक निलंबित

**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा विभाग ने 108 एम्बुलेंस सेवा के संचालन और निगरानी में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में बुधवार को दो चिकित्सकों को निलंबित कर दिया है। विभाग ने इसे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया है। निलंबित चिकित्सकों में बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ




अनुप तिर्की और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लापुंग के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार विनायक शामिल हैं। दोनों चिकित्सकों को 108 एम्बुलेंस सेवा के प्रभावी संचालन, पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की रिपोर्ट में पाया गया कि दोनों चिकित्सकों ने प्रतिनियुक्ति आदेश के अनुरूप समय पर योगदान नहीं दिया और उन्हें सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में गंभीर उदासीनता बरती। रिपोर्ट में उच्चाधिकारियों के निदेशों की अवहेलना और सरकारी सेवा के अपेक्षित अनुशासन का पालन नहीं करने की बात भी सामने आई। मामले को गंभीर मानते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रथम द्दष्टया आरोपों को सही पाते हुए दोनों चिकित्सकों को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची कार्यालय निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दोनों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी चलायी जाएगी और जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने पर प्रधानमंत्री को सुदेश ने दी बधाई



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो बुधवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एनडीए की उच्चस्तरीय बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्हों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबसे लंबे समय तक देश का निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने के लिए बधाई दी। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट किया। सुदेश महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं, जिससे वे आजाद भारत में सबसे लंबे समय तक अनवरत रूप से सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस उपलब्धि पर आयोजित बैठक के दौरान 12 वर्षों की सफल उपलब्धियों को रेखांकित किया गया और आगामी विकास और राजनीतिक रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि आपके द्दढ़ नेतृत्व, अथक परिश्रम, जन-विश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण और नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, वैश्विक प्रतिष्ठा और आत्मनिर्भरता की दिशा में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सुदेश ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुखद और दीघार्यु जीवन एवं राष्ट्र निर्माण के इस सतत अभियान की निरंतर सफलता की कामना की। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और गठबंधन के प्रमुख सहयोगी दलों के नेता शामिल हुए।

### मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें युवा : डॉ प्रभात

**रांची।** मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय, रांची के तत्वावधान में संध्या फेरी सह जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला और माइकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए। मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं को भी जन्म देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की। डॉ कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में नशे के स्वरूप और प्रकारों में व्यापक बदलाव आया है, जिससे जागरूकता की आवश्यकता और बढ़ गई है। कार्यशाला में एनटीसीपी कंसल्टेंट सुशांत कुमार ने तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की जानकारी दी। वहीं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) प्रवीण कुमार सिंह ने नशा मुक्ति अभियान के उद्देश्यों, जनसहभागिता और जागरूकता कार्यक्रमों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### नरेन्द्र मोदी के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने पर झारखंड भाजपा ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

# प्रदेश अध्यक्ष ने की मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने के उपलक्ष्य में मेन रोड, रांची स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भाजपा की ओर से विशेष पूजाझ्रअर्चना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने फल एवं मिठाई का भी वितरण किया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश की 140 करोड़ लोगों की निरंतर सेवा करने का काम किया है। उन्होंने निश्चल भाव से देश के गरीब, किसान, मजदूर, शोषित, वंचित सभी वर्गों की समान रूप से सेवा करने का काम किया है। इसलिए देश की जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुना है। नरेंद्र मोदी को सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का अवसर और आशीर्वाद इसी जनता की कृपा से मिला है।



उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी राष्ट्र हित के साथ-साथ देवी देवता के प्रति भी समान भाव रखते हैं। राष्ट्र के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को भी संवारने और सहेजने का काम उन्होंने किया है। राम मंदिर का निर्माण इसी कड़ी का एक अनुपम उदाहरण है। ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इतनी शक्ति दें कि वे इसी सेवाभाव से अनवरत देश की सेवा में जुटे रहें। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की है।

इस अवसर में विधायक सीपी सिंह, प्रतुल शाहदेव, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, राकेश भास्कर, जितेन्द्र वर्मा, राजू सिंह, के-के गुप्ता, संकेत तिवारी, जितेन्द्र पटेल, सुबोधकांत, ललित ओझा, संजय जयसवाल, रवि मुंडा, संजय सहाय, अमन जायसवाल, अन्य नेता एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का उत्सव, पूजा-अर्चना

**रांची।** देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम देश में सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इस उपलब्धि पर पूरे देश की तरह झारखंड में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं और नेताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। राज्य के विभिन्न हिस्सों में पूजा-अर्चना और विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और राष्ट्रहित में उनके नेतृत्व की निरंतर सफलता की कामना की गई। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस अवसर पर रांची के मुड़मा स्थित राजी पहाड़ा जतरा शक्ति खूंटा में पाहन एवं सरना समाज के सम्मानित लोगों के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण के उनके संकल्प की सफलता के लिए प्रार्थना की। साथ ही देश की प्रगति, विकास और जनकल्याण के लिए प्रधानमंत्री को निरंतर शक्ति एवं ऊर्जा मिलने की कामना भी की। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार 4,399 दिनों तक देश की सेवा कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है।

# अनाथ बच्चों के सहारे बनी दादी, विधिक सेवा प्राधिकार ने बढ़ाया मदद का हाथ



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा एवं माननीय झालसा रांची के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत रंका प्रखंड में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डोर-टू-डोर अभियान के दौरान एक बेहद मार्मिक मामला सामने आया, जिसमें तीन मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है और अब उनकी परवरिश की जिम्मेदारी बुजुर्ग दादी पर आ गई है। जानकारी के अनुसार रंका के नई हॉस्पिटल रोड निवासी 12 वर्षीय मयंक कुमार ने बताया कि चार वर्षों के भीतर उसके माता-पिता और दादा की मृत्यु हो गई। आगजनी की घटना में माता-पिता की मौत के बाद मयंक, उसकी सात वर्षीय बहन कोमल और छह वर्षीय संध्या कुमारी पूरी तरह अनाथ हो गये। बच्चों के दादा स्वर्गीय सुरेश राम की भी बीमारी से मौत हो चुकी है। अब बुजुर्ग दादी बुधनी कुंवर दूसरों के घरों में काम कर किसी तरह अपने नाती-पोतियों का पालन-पोषण कर रही हैं। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि पूर्व में भी परिवार का दौरा किया गया था। बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुये मयंक कुमार का नामांकन सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में कराया गया है। साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बहुत जल्द जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति कार्यालय में आवेदन प्रक्रिया पूरी कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को किताब, कॉपी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने तथा भविष्य में व्यावसायिक प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में भी पहल की जा रही है। अभियान के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### न्यूज अपडेट्स

## पलामू को बनाएं उपराजधानी : अरविंद तिवारी



**मेदिनीनगर :** भाजपा युवा मोर्चा झारखंड के प्रदेश सह-कार्यालय मंत्री अरविन्द कुमार तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को पत्र लिखकर पलामू को झारखंड की उपराजधानी घोषित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने भाजपा से आग्रह किया है कि इस मुद्दे को वर्ष 2029 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी शामिल करने का अनुरोध किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखे गये पत्र में श्री तिवारी ने कहा है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन चुनावी वादों में मेदिनीनगर (पलामू) को झारखंड की दूसरी उपराजधानी बनाने की घोषणा की गई थी। लेकिन लगभग सात वर्ष बीत जाने और सरकार की दोबारा वापसी के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल लंबे समय से पिछड़ेपन, सूखा और नक्सल प्रभावित क्षेत्र जैसी चुनौतियों का सामना करता रहा है। ऐसे में पलामू को उपराजधानी का दर्जा मिलने से क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी तथा आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचनाओं के विकास को नई गति मिलेगी। इससे पश्चिमी झारखंड के लोगों को सरकारी सेवाओं और सुविधाओं का लाभ भी अधिक प्रभावी ढंग से मिल सकेगा। श्री तिवारी ने कहा कि पलामू की जनता लंबे समय से इस घोषणा के क्रियान्वयन की प्रतीक्षा कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि पलामू को उपराजधानी का दर्जा देने का निर्णय क्षेत्रीय संतुलित विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### पलामू

## पलामू भाजपा ने की पूजा-अर्चना व महाआरती

# मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र गौरव का स्वर्णिम अध्याय : वीडी

### मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने पर पूजा अर्चना और महाआरती

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** भाजपा पलामू की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने और देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर बुधवार को मेदिनीनगर के छह मुहान स्थित काली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने देश की समृद्धि, विकास और जनकल्याण की कामना की। साथ ही पांकी, छतरपुर, हुसैनाबाद और विश्रामपुर समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उस मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जिससे गरीब, किसान, महिला और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान में निरंतर वृद्धि हुई है।

सांसद ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण देश की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है तथा भगवान श्रीराम के आदर्श राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाले रहे हैं। कार्यक्रम में श्याम नारायण दूबे, विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, विभाकर नारायण पांडेय, विजय ठाकुर, अजय सिंह, रूपा सिंह, जितेंद्र तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, प्रियरंजन शर्मा, नमिता देवी, विजय कुशवाहा, श्रवण गुप्ता, विजय ओझा, राजेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, रेणु देवी, रमेश शुक्ला, सुजाता सिंह, सुनीता सिंह, अलख दूबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## डीसी के निर्देश पर जन समाधान में विधवा महिला की पेंशन तत्काल स्वीकृत

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की संवेदनशील पहल से जन समाधान कार्यक्रम के दौरान एक विधवा महिला को वर्षों से लंबित पेंशन योजना का लाभ तत्काल मिल गया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं, जिनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान हमीदगंज निवासी माया कुमारी सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2021 में कोरोना संक्रमण के दौरान उनके पति का निधन हो गया था। पति की मृत्यु के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई। एक छोटी पुत्री के पालन-पोषण और शिक्षा की चिंता के बीच उन्होंने कई बार विधवा पेंशन के लिए आवेदन किया, लेकिन तकनीकी कारणों से स्वीकृति नहीं मिल सकी। महिला की समस्या सुनने के बाद डीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। डीसी के निर्देश पर जन समाधान कार्यक्रम के दौरान ही उनकी विधवा पेंशन स्वीकृत कर दी गई और उन्हें स्वीकृति पत्र भी सौंपा गया। पेंशन स्वीकृत होने पर माया कुमारी सिन्हा ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं जन समाधान में भूमि विवाद, राजस्व, आवास, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा और कल्याण विभाग से जुड़े अन्य मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए भी उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## धुरकी में डीडीसी का औचक निरीक्षण, अधिकारियों में हड़कंप, दिये निर्देश




**धुरकी :** गढ़वा जिले की डीडीसी प्रेमलता मुर्मू ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड में चल रहे मनरेगा योजना, 15 वें वित्त योजना आवास से संबंधित कार्यों की समीक्षा की और प्रखंड कार्यालय में कई रजिस्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीडीओ बिमल कुमार सिंह एवं उपस्थित सभी प्रखंड कर्मियों को कई दिशा निर्देश देते हुये सरकार के गाईडलाईन के अनुसार काम करने को कहा और मनरेगा योजना में अधिक से अधिक मरेगा मजदूरों को काम मिले यह सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने पंचायत में 15 वें वित से चल रही योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान बाजार मोहल्ले के दलित बस्ती में पंचायत मद से लगे जलमीनार का भौतिक सत्यापन करते हुये जलमीनार के पानी से लाभान्वित लोगों ने कहा अधिक आबादी होने से एक ही जलमीनार से हम लोग इस भीषण गर्मी में पानी पी रहे हैं एक जालमीनार की और आवश्यकता है। उस पर उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर कहा आवश्यकता पड़ने पर पानी की व्यवस्था की जायेगी। वहीं डीडीसी ने कई योजनाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय मुखिया महबूब अंसारी एवं पंचायती राज के कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार व जेई लव कुमार को सरकार के मानक के अपरूप काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड मुख्यालय में गर्मी को देखते हुये स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

## अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का बड़ा वार, 150 किलो जावा महुआ नष्ट



**धुरकी :** थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में धुरकी बाजार में गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने करीब 150 किलोग्राम जावा महुआ एवं शराब निर्माण में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्रियों को बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध शराब के कारोबार को फलने-फूलने नहीं दिया जायेगा। इसके लिये पुलिस लगातार निगरानी रख रही है और समय-समय पर विशेष छापेमारी अभियान संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और कई लोगों के खिलाफ अब तक कानूनी कार्रवाई भी की जा चुकी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कदम उठाये जाएंगे। थाना क्षेत्र में सक्रिय शराब कारोबारियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब निर्माण या बिक्री की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## प्रखंड कार्यालय के बाहर अवैध पार्किंग पर कार्रवाई, दो बाईक जब्त



**भवनाथपुर :** प्रखंड कार्यालय परिसर में अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के खिलाफ सीओ शंभू राम ने बुधवार को सख्त कदम उठाते हुये मुख्य गेट के सामने अवैध रूप से खड़ी दो दोपहिया वाहनों को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस दोनों वाहनों को थाना ले गई, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। सीओ ने बताया कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यों के लिये आते हैं। कई लोग अपनी बाईक मुख्य प्रवेश द्वार के सामने ही खड़ी कर देते हैं, जिससे कार्यालय में आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था को लेकर कार्यालय परिसर की दीवारों पर स्पष्ट निर्देश एवं चेतावनी भी लिखी गई है। सीओ ने बताया कि पूर्व में कई बार वाहन चालकों को समझाकर छोड़ दिया गया था, लेकिन लगातार निर्देशों की अवहेलना किये जाने के कारण प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। भविष्य में भी मुख्य गेट के सामने वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। इधर कार्रवाई के बाद कुछ वाहन मालिकों एवं स्थानीय लोगों ने सीओ की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि प्रखंड और अंचल कार्यालय के कर्मचारी अपने वाहन कार्यालय परिसर के अंदर खड़ा करते हैं, जबकि बीडीओ एवं सीओ के वाहनों के लिये अलग से शेड की व्यवस्था है।

## नदियां केवल जल स्रोत नहीं, हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान हैं : मनीष सिंह

# सरस्वती नदी पुनर्जीवन अभियान को समर्थन

### बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल ने दिया समर्थन

### एसडीएम की पहल का 17वां दिन

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** बिरला ओपन्स माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल श्री बंशीधर नगर के निदेशक मनीष कुमार सिंह, उप निदेशक युवराज सिंह एवं प्राचार्य रवीश प्रजापति न बुधवार की शाम गढ़वा के एसडीएम संजय कुमार से मुलाकात कर सरस्वती नदी पुनर्जीवन के प्रयासों की सराहना करते हुये अपना समर्थन दिया। साथ ही उन्होंने एसडीएम को बुके देकर उनका हौसला अफजाई की। यहां बताते चलें कि अभिषेक भारद्वाज द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम तथा गढ़वा एसडीएम संजय कुमार की पहल का 17 वां दिन था। उस मौके पर निदेशक श्री सिंह ने कहा कि नदियां केवल जल स्रोत नहीं, हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान हैं। सरस्वती नदी का पुनर्जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिये एक धरोहर संरक्षित करने जैसा है। विद्यालय इस पुनीत कार्य में हर संभव सहयोग देगा। उप निदेशक युवराज सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को किताबों से निकालकर जमीन पर लाना होगा। अभिषेक भारद्वाज का यह मुहिम युवाओं के लिये प्रेरणा है। हम छात्रों को भी इससे जोड़ेंगे। प्राचार्य रवीश प्रजापति ने कहा कि जल संरक्षण की शिक्षा कक्षा से शुरू होकर समाज तक पहुंचनी चाहिये। गढ़वा एसडीएम संजय कुमार की पहल और इस अभियान से हम बच्चों में जिम्मेदारी का भाव विकसित करना चाहते हैं। विद्यालय का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन जैसे विषयों पर जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार चलाये जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत मेराल प्रखंड के अरंगी पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी सदस्यों ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन यशवंत कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने नालसा गरीबी उन्मूलन योजना 2015 पर प्रकाश डालते हुये कहा कि समाज में फैली बाल विवाह, बाल मजदूरी और नशाखोरी जैसी कुरीतियों को समाप्त करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक होने की अपील की। उदय कुशवाहा ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बाल विवाह, बाल मजदूरी और नशा सेवन पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए मतदाता सूची एवं जनगणना संबंधी जानकारी भी दी। मुरली श्याम तिवारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अनाथ बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत प्रतिमाह चार हजार रुपये सहायता राशि दी जाती है। इसके अलावा मातृत्व वंदना योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सर्वजन पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम कुसुम योजना तथा स्वामी विवेकानंद स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना जैसी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे, इसके लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार कार्य कर रहा है। मौके पर स्वयं सहायता समूह की गीता देवी पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सोशल मीडिया के अमर्यादित पोस्ट पर गढ़वा पुलिस संज्ञान ले : धीरज दुबे



**गढ़वा :** झामुमो के मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने गढ़वा पुलिस प्रशासन से सोशल मीडिया पर लगातार किये जा रहे अमर्यादित एवं भ्रामक पोस्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त है, लेकिन इस स्वतंत्रता का प्रयोग किसी व्यक्ति का मान-मर्दन करने, अपमानित करने अथवा अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के लिये नहीं किया जा सकता। श्री दुबे ने कहा कि पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिना किसी तथ्य एवं पुख्ता प्रमाण के लोगों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट किये जा रहे हैं। कई मामलों में जातीय एवं धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट भी लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे समाज में विद्वेष और तनाव का माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि युवाओं और आम लोगों के बीच गलत मनोवैज्ञानिक वातावरण भी तैयार कर रही हैं। श्री दुबे ने कहा कि लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन व्यक्तिगत चरित्र हनन, गाली-गलौज, झूठे आरोप और समाज को बांटने वाली भाषा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। सोशल मीडिया का उपयोग समाज को जागरूक करने और सकारात्मक संवाद के लिये होना चाहिये, न कि लोगों को अपमानित करने और विवाद फैलाने के लिये।

## कार्रवाई | मानसून में अवैध बालू खनन पर सख्ती

# गढ़वा में नदी घाटों पर निषेधाज्ञा लागू

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** मानसून के दौरान अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिये गढ़वा अनुमंडल प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में एसडीएम संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के सभी नदी घाटों, जल निकायों एवं उनके 200 मीटर परिधि क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश अथवा एनजीटी द्वारा निर्धारित प्रतिबंध अवधि तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार सोन, कोयल, बांकी, दानरो, यूरिया, सरस्वतिया समेत अनुमंडल क्षेत्र की सभी नदियों के घाट इस निषेधाज्ञा के दायरे में आएंगे। प्रतिबंध अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का बालू खनन, चाहे मशीन से किया जाए या मैनुअल तरीके से, पूरी तरह वर्जित रहेगा। इसके अलावा बालू लदे ट्रैक्टर, हाईवा एवं अन्य वाहनों की आवाजाही पर भी रोक रहेगी। रात्रि के समय नदी तटीय एवं बालू प्रवण क्षेत्रों में सामूहिक आवाजाही भी प्रतिबंधित की गई है। एसडीएम ने बताया कि मानसून के दौरान जलस्तर में वृद्धि, भूमि कटाव और अवैध खनन से पर्यावरणीय असंतुलन की आशंका बढ़ जाती है। इसे देखते हुये यह कदम उठाया गया है। उन्होंने सभी संबंधित थाना प्रभारियों को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। खनन विभाग को अंचल अधिकारियों के समन्वय से नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया है। साथ ही स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य, जनप्रतिनिधियों और पर्यावरण कार्यकताओं के सहयोग से सूचना तंत्र को मजबूत करने की पहल की गई है। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 223, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, एनजीटी के प्रावधानों एवं झारखंड माइनिंग रूल्स के तहत कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन में प्रयुक्त वाहनों को जब्त कर राजस्व वसूली की प्रक्रिया भी अपनाई जायेगी। उन्होंने आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## अवैध खनन बर्दाश्त नहीं, दोषियों से होगी वसूली : सुनील कुमार

### चार लोगों पर 30 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों पर 30,03,525 रुपये का जुमार्ना लगाया है। डीएमओ सुनील कुमार ने कहा कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों से नियमानुसार वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के मामले में मेदिनीनगर के नाई मोहल्ला निवासी कुंदन कुमार गुप्ता, कांदू मोहल्ला निवासी अमित कुमार तथा भुसही गांव निवासी अजय कुमार यादव और पिंटू



चौधरी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। डीएमओ के अनुसार, 3 जून 2026 को शहर थाना क्षेत्र के आंबेडकर नगर में जांच के दौरान बिना वैध परिवहन चालान के बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए गए थे। इसके बाद विभागीय टीम ने विस्तृत जांच, चालकों से पूछताछ और स्थल निरीक्षण किया, जिसमें अवैध खनन की पुष्टि हुई। जांच में कोयल नदी के विभिन्न घाटों से 6007.05 घनमीटर बालू के अवैध उत्खनन का मामला सामने आया। यह झारखंड सैंड माइनिंग रूल्स, 2025 तथा झारखंड मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इल्लीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) संशोधन नियमावली, 2026 का उल्लंघन है। सभी आरोपितों को सात दिनों के भीतर जुमार्ना जमा करने और अपना पक्ष रखने का नोटिस जारी किया गया है, अन्यथा आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मवेशी चराने निकले वृद्ध की हत्या



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के करार पंचायत अंतर्गत नादगाद गांव निवासी 76 वर्षीय धनराज भुइयां की अज्ञात अपराधियों ने गला दबाकर और पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। धनराज का शव गांव में सोनरे नदी किनारे से बुधवार सुबह बरामद की गई। दोपहर में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ( एमएमसीएच) में शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैली हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों ने जमीन विवाद और किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह धनराज भुइयां मवेशियों को लेकर चराने निकले थे, लेकिन लौट कर घर नहीं आए। उनकी खोजबीन की जा रही थी। इसी क्रम में सोनरे नदी के किनारे उनका शव बरामद हुआ। शव को देखने से पता चलता था कि गला दबाने के बाद सिर को पत्थर से कुचलकर हत्या की गई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या के कारणों तथा अपराधियों की पहचान को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर गहन छानबीन कर रही है।

## पुलिस की तत्परता से लापता बच्चा बरामद, परिजनों को सौंपा गया



**मोहम्मदगंज :** थाना प्रभारी नारायण सोरेन के निर्देश पर मोहम्मदगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये लापता बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदन कुमार रजवार (6 वर्ष), पिता भुंडू रजवार, निवासी कादल कुर्मी, थाना मोहम्मदगंज, मंगलवार सुबह घर से निकला था और देर रात तक वापस नहीं लौटा। उसके साथ विशाल कुमार (9 वर्ष), पिता टक्कू बैठा, निवासी कादल, भी घर से निकला था। बच्चों के देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने मोहम्मदगंज थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी। जांच के दौरान पता चला कि दोनों बच्चे सुबह लगभग 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक भंडरिया गांव स्थित भीम बराज एवं उसके आसपास खेलते देखे गये थे। इसके बाद उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। पुलिस की लगातार तलाश के दौरान चंदन कुमार रजवार को गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली गांव स्थित एक ईंट-भट्ठे से सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बच्चे को उसके पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस अभियान में एसआई सुबीर किस्कू, एसआई शेख अमानुल्लाह, एसआई कयामुद्दीन सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की तत्परता से बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## सीट कटौती पर अभाविप और आजसू का प्रदर्शन

# जनता शिवरात्रि कॉलेज में तालाबंदी, उग्र आंदोलन की चेतावनी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** जेएस कॉलेज में कई विषयों में सीट कटौती को लेकर अभाविप और आजसू छात्र संघ ने बुधवार को प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी कर दी। कॉलेज के गेट पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्रों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्राचार्य को भी बाहर बैठा कर दिया। रजिस्ट्रार से प्राचार्य ने वार्ता कर छात्रों को आश्वस्त करने का प्रयास किया गया मगर छात्र लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। उल्लेखनीय है कि अभाविप और आजसू छात्र संघ सहित अन्य छात्र संगठनों ने दो दिनों पूर्व प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर स्नातक नामांकन में सीट कटौती वापस लेने, कलस्टर सिस्टम पर रोक लगाने और सभी विषयों में 20 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें बढ़ाने की मांग की थी। साथ ही 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जब 24 घंटे बीतने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तब अभाविप और आजसू कार्यकताओं ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी। प्रदर्शनकारियों ने महाविद्यालय परिसर में जोरदार नारेबाजी की और बैनर-तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। तालाबंदी के कारण महाविद्यालय में छात्रों का आना-जाना भी प्रभावित हुआ। मौके पर अभाविप के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि अभी भी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्राचार्य के कार्यालय से इस तालाबंदी पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों का कहना है कि प्रशासन विश्वविद्यालय के नियमों और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर सीटें तय करता है। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि प्रशासन छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। हमारी मांगें जायज हैं, लेकिन प्रशासन ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। अब हम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हैं। मौके पर आजसू के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष अभिषेक राज ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीट कटौती का निर्णय छात्र विरोधी है और इससे गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना टूट जाएगा।

विश्वविद्यालय प्रभारी राणा हिमांशु सिंह ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन को पूर्व में भी ज्ञापन सौंपकर सीटों को पूर्ववत रखने की मांग की गई थी, लेकिन महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की मांगों की लगातार उपेक्षा की गई। विवश होकर छात्रों को आंदोलन एवं तालाबंदी का रास्ता अपनाना पड़ा। जेएस कॉलेज अध्यक्ष अक्षत सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अविलंब सीट कटौती के निर्णय को वापस नहीं लिया गया और पूर्व की भांति नामांकन सीटें बहाल नहीं की गईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से नगर सह मंत्री गगन सिंह, अमन पांडेय, दिवाकर शुक्ला, अभय पांडेय, मणि पाठक समेत कई छात्र उपस्थित थे।



## फिल्म 'अल्फा' का दमदार टीजर रिलीज

आलिया भट्ट की बहुप्रतीक्षित स्पाई-एक्शन फिल्म 'अल्फा' का पहला टीजर बुधवार को रिलीज हो गया है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला प्रधान फिल्म को शिव रावेल ने निर्देशित किया है। टीजर में आलिया का दमदार और एक्शन से भरपूर अवतार देखने को मिला है। साथ ही बॉबी देओल के किरदार से भी पर्दा उठ गया है, जो फिल्म में आलिया के पिता की भूमिका निभाते नजर आएंगे। टीजर ने रिलीज होते ही दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। टीजर की शुरूआत एक भावनात्मक दृश्य से होती है, जहां आलिया अपने पिता (बॉबी देओल) के साथ 18वें जन्मदिन का जश्न मनाती दिखाई देती हैं। हालांकि, कहानी जल्द ही रोमांचक मोड़ लेती है जब बॉबी देओल अपनी बेटी को उसके पहले मिशन पर भेजने की तैयारी करते हैं। वह उसे याद दिलाते हैं कि बचपन से ही उसे इसी मकसद के लिए तैयार किया गया है। इसके बाद टीजर में हाई-वोल्टेज एक्शन, खतरनाक मिशन और आलिया की जबरदस्त फाइटिंग स्किल्स की झलक देखने को मिलती है। निमार्ताओं ने टीजर के साथ फिल्म की नई रिलीज तारीख का भी ऐलान किया है। 'अल्फा' अब तीन जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में आलिया, बॉबी देओल के अलावा शरवरी वाघ और अनिल कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। एक्शन, भावनाओं और स्पाई थ्रिलर के मिश्रण से सजी यह फिल्म वाईएआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सबसे चर्चित परियोजनाओं में शामिल है, जिससे दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।

## वेदांग रैना ने की इम्तियाज अली की जमकर तारीफ





युवा अभिनेता वेदांग रैना इन दिनों निर्देशक इम्तियाज अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चा में हैं। भारत-पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित इस पीरियड रोमांटिक ड्रामा में वेदांग अहम भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपने करियर, सफलता के दबाव और फिल्म में काम करने के अनुभव को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ी चिंता सफलता हासिल करना नहीं, बल्कि लगातार अच्छे अवसर मिलते रहना है। बातचीत में वेदांग ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि इम्तियाज अली इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और उनके लिए उन्हें चुना जा रहा है, तो उन्होंने बिना पूरी स्क्रिप्ट पढ़े ही फिल्म के लिए हामी भर दी। अभिनेता ने कहा कि इम्तियाज अली के साथ काम करना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वह निजी जीवन में बेहद शर्मीले हैं और पार्टियों की बजाय घर पर रहकर फिल्में देखना, किताबें पढ़ना और संगीत सुनना पसंद करते हैं। वेदांग ने अपने बारे में फैलने वाली अफवाहों पर भी मजाकिया अंदाज में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अक्सर सोशल मीडिया पर उन्हें अलग-अलग फिल्मी परिवारों से जोड़ दिया जाता है, जिसे पढ़कर उन्हें हंसी आती है। फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में वेदांग के साथ शरवरी वाघ, दिलजीत दोसांझ और नसीरुद्दीन शाह भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि इसका संगीत ए.आर. रहमान ने तैयार किया है।

## ईरान-अमेरिका की लड़ाई पहुंची बहरीन, मनामा में यूएस नौसेना केंद्रीय कमान मुख्यालय पर ड्रोन हमला



# अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

### चिनियां और रंका में डीसी का औचक निरीक्षण

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने बुधवार को चिनियां एवं रंका क्षेत्र का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां स्वास्थ्य सेवाओं और साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। वहीं बिना सूचना के अनुपस्थित मिले कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिये गये। सबसे पहले डीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनियां पहुंचे। यहां ओपीडी में चिकित्सक मरीजों का इलाज करते मिले तथा दवा वितरण का कार्य भी संचालित पाया गया। हालांकि नर्सिंग स्टाफ और पैथोलॉजी विभाग के कर्मी अनुपस्थित मिले। पूछताछ में बताया गया कि सभी स्वास्थ्यकर्मी रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में भाग लेने गये हैं। इसके बाद डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय चिनियां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ सुबोध कुमार सहित कुछ कर्मी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। इसे गंभीरता से लेते हुये उन्होंने संबंधित कर्मियों का एक दिन का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बाद में डीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका पहुंचे, जहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। यहां रंका, चिनियां और रमकंडा प्रखंड के स्वास्थ्यकर्मी मासिक समीक्षा बैठक में शामिल थे। जांच के दौरान चिनियां स्वास्थ्य केंद्र से अनुपस्थित पाये गये कर्मी भी बैठक में मौजूद मिले। डीसी ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया तथा इसकी सराहना की। मासिक समीक्षा बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि भविष्य में स्वास्थ्य विभाग की बैठकें रंका, चिनियां और रमकंडा में बारी-बारी से आयोजित की जाएं, ताकि स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बेहतर समीक्षा हो सके। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को समय पर अस्पताल पहुंचकर संवेदनशीलता के साथ मरीजों की सेवा करने का निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशजद अंसारी, डॉ गोरखनाथ पांडेय, एकाउंटेंट दिनेश प्रसाद गुप्ता, बीपीएम नारायण राम, बीटीटी सत्यानारायण मालाकार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## जवाबी कार्रवाई के बाद मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ा तनाव

**शिलांग।** मेघालय के दक्षिण-पश्चिमी गारो पहाड़ जिले में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीउ पर एक घुसपैठिए को वापस धकेलने और बांग्लादेश अधिकारियों द्वारा उसे स्वीकार करने को लेकर हुए विवाद के बाद तनाव बढ़ गया है। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) द्वारा पकड़े जाने के बाद घुसपैठिए को सीमा पार वापस भेज दिया गया। भरोसेमंद सूत्रों के मुताबिक यह घटना महेंद्रगंज के पास नंदिर चर इलाके में हुई। वहां एक व्यक्ति पर बांग्लादेशी नागरिक होने का शक था। कथित तौर पर वह मेघालय सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारतीय इलाके में घुस आया था। इसके बाद बीएसएफ ने उसे हिरासत में ले लिया। हिरासत में लेने के बाद, बीएसएफ ने तय प्रक्रिया का पालन करते हुए उस व्यक्ति को वापस धकेल दिया और उसे बांग्लादेश सीमा पार करने दिया। हालांकि, आरोप है कि सीमा पार करने के बाद बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) और बांग्लादेश के स्थानीय निवासियों ने उस व्यक्ति को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सूचना यह भी है कि घुसपैठिए को लेकर बीएसएफ और बीजीबी के बीच कुछ देर तक कहासुनी भी हुई। झगड़े के चलते वह आदमी सीमा की बाड़ के दूसरी तरफ फंस गया। इससे अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में टेंशन बढ़ गई। सीमा के दोनों तरफ लोकल लोग जमा हो गए, जिससे हालात और बिगड़ गए। सूत्रों ने बताया कि उस आदमी ने यह भी माना कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। इसके बावजूद, बांग्लादेशी अधिकारियों और लोकल (बांग्लादेश) लोगों ने उसे अपनी कस्टडी में लेने से मना कर दिया। इससे उसके ठिकाने को लेकर शक बना हुआ है।

## इलाज के लिए घर से रांची के लिए निकली महिला लापता

**मेदिनीनगर :** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के नावा अखाड़ा गांव की एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार महिला 16 मई को इलाज कराने के लिए रांची जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर पति ने नावाजयपुर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का आरोप है कि महिला किसी अन्य व्यक्ति के साथ फिरोजाबाद चली गई है तथा अपने साथ सोने-चांदी के गहने और नकदी भी ले गई है। हालांकि, थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला से फोन पर संपर्क स्थापित हो चुका है। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी इच्छा से घर छोड़कर गई है और उस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है। पुलिस का कहना है कि यदि प्रलोभन, धोखाधड़ी या उत्पीड़न से संबंधित कोई साक्ष्य सामने आते हैं तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ईरान पर 22 देशों का आरोप, विरोधियों और पत्रकारों को निशाना बना रहा

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ब्रिटेन सहित 22 देशों ने ईरान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह विदेशों में रह रहे लोगों को धमकाने, उनका अपहरण करने और उन पर हमले की कथित साजिशों में शामिल है। इन देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ऐसी गतिविधियों को तुरंत रोकने की मांग की है और अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सामूहिक प्रतिबद्धता जताई है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी), उसकी कुद्स फोर्स और खुफिया एजेंसियां कथित रूप से ईरानी सरकार के विरोधियों, पत्रकारों तथा यहूदी और इजराइली समुदाय से जुड़े लोगों को निशाना बना रही हैं। बयान में इन गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि संबंधित देश मिलकर इन खतरों का मुकाबला करेंगे और ईरान से अपेक्षा करते हैं कि वह ऐसी सभी कथित कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से बंद करे। इस बयान का समर्थन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन सहित कई यूरोपीय देशों ने भी किया है। सभी देशों ने अपने-अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करने की बात कही है।

## संघ प्रमुख डॉ भागवत आज कानपुर आएंगे, तैयारियां तेज



**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत 11 जून को कानपुर पहुंचेंगे। पूर्व क्षेत्र संघचालक वीरेंद्रजीत सिंह की पौत्री एवं वरिष्ठ समाजसेविका एवं शिक्षाविद् डॉ. नीतू सिंह की पुत्री के आशीर्वाद समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला प्रशासन ने बुधवार को मोहन भागवत के आगमन की पुष्टि की है, जबकि कार्यक्रम आयोजकों की ओर से राजनीति और सार्वजनिक जीवन से जुड़े तमाम दिग्गजों के शामिल होने की संभावना जताई गई है। संभावित वीवीआईपी आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस लगातार तैयारियों में जुटे हैं। यह आशीर्वाद समारोह आजाद नगर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। परिवार में कई वर्षों बाद हो रहे वैवाहिक आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में अतिथियों के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार मोहन भागवत गुरुवार को दोपहर 12 बजे कानपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वह शाम 4:45 बजे कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से 4:55 बजे शताब्दी एक्सप्रेस के एग्जीक्यूटिव कोच में सवार होकर नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। मोहन भागवत के आगमन को देखते हुए रेलवे स्टेशन, कार्यक्रम स्थल और उनके निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### मेराल में आपन सरस्वतीया नदी सफाई अभियान के 11 वें दिन हुई समीक्षा बैठक, थाना प्रभारी ने सहयोग का दिया भरोसा

# पुरवारा टोला श्मशान घाट के समीप नदी क्षेत्र में साफ-सफाई एवं श्रमदान

बलराम शर्मा



**मेराल :** प्रखंड में प्रशासन एवं जनसहयोग से संचालित आपन सरस्वतीया नदी सफाई एवं चौड़ीकरण अभियान के ग्यारहवें दिन अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व मुखिया रामसागर महतो ने की। बैठक में अब तक हुये कार्यों की समीक्षा करते हुये अभियान को और अधिक प्रभावी एवं जनसहभागिता आधारित बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत अभियान से जुड़े लोगों ने मेराल थाना पहुंचकर थाना प्रभारी विष्णुकांत से उनके कार्यालय कक्ष में सामूहिक मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें अभियान की उद्देश्यपूर्ण गतिविधियों की जानकारी देते हुये इस जनहितकारी पहल से जुड़ने और सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने व्यस्तता के बावजूद अभियान के तहत नदी की सफाई एवं चौड़ीकरण कार्यों में अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अभियान की सराहना करते हुये कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने भविष्य में अभियान से जुड़कर हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने बताया कि अभियान के 11 वें दिन पुरवारा टोला श्मशान घाट के समीप नदी क्षेत्र में साफ-सफाई एवं श्रमदान का कार्य किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं समाजसेवियों को शाम 4 बजे स्थल पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण करने तथा अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करने के लिये आमंत्रित किया। बैठक में अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया गया। मौके पर संजय भगत, विजय प्रसाद, अतहर अली, मनोज जायसवाल, महेंद्र प्रसाद, धनंजय चौधरी, मदन यादव, सतीश प्रसाद गुप्ता, मनोज राम आदि उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)